राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम -भूगोल
पाठ -7 : प्रमुख स्थलरुप और उनका आर्थिक महत्व
कार्यपत्रक - 7

1. 'धरातल के ऊपर उठे हुए भू-भाग पर्वत कहलाते हैं, लेकिन सारे उठे हुए भू-भाग पर्वत नहीं है। कथन को उपयुक्त उदाहरणों के साथ सिद्ध कीजिए।

2. माउन्ट एवरेस्ट को ऊपर उठाने वाले आंतरिक बल यदि अपरदन की गति से मंद हों तो क्या होगा?

3. विश्व के रेखा मानचित्र पर अंटार्कटिका को छोड़कर प्रत्येक महाद्वीप से किसी एक वलित पर्वत को अंकित कीजिए।

4. वलित पर्वत और खंड पर्वत दोनों का निर्माण पृथ्वी की आंतरिक हलचलों के कारण होता। पर्वतों की निर्माण प्रक्रिया का विश्लेषण कीजिए और दोनों के मध्य दो समानताएं तथा दो अंतर लिखिए।

5. 'पर्वत मनुष्य के लिए आर्थिक रुप से महत्वपूर्ण हैं।' सिद्ध कीजिए।

6. चित्रों की सहायता से नीचे दिए गए पठारों की निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए :
   क. अंतरा-पर्वतीय पठार
   ख. गिरिपद पठार

7. 'पठार खनिजों के भंडार है'। व्याख्या कीजिए।

8. नीचे दिए गए पठारों का एक-एक उदहारण भारत से दीजिए:
   क. अंतरा-पर्वतीय पठार
   ख. गिरिपद पठार
   ग. महाद्वीपीय पठार

9. विश्व के कुल भू-भाग में पर्वत, पठार और मैदान के हिस्से को चित्र द्‌वारा (पाई डाइग्राम या दंड आरेख) प्रस्तुत कीजिए।

10. निक्षेपण द्‌वारा निर्मित मैदानों के चार प्रकारों का उपयुक्त उदाहरणों के साथ वर्णन कीजिए।